# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा जिला बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी श्री बद्रीनारायण विश्नोई, आर.ए.एस)

...दन सं. 25/2026

...त धारा 131,136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956

| प्रार्थीगण | बनाम | विप्रार्थी |
|---|---|---|
| 1. भीयाराम पुत्र धीमाराम<br>2. रूगनाथराम पुत्र भीयाराम<br>3. करनाराम पुत्र पांचाराम<br>4. खमूराम पुत्र धीमाराम<br>5. गवरी पत्नी धीमाराम<br>6. जगराम पुत्र धीमाराम<br>7. बुधराम पुत्र धीमाराम<br>8. मोहनलाल पुत्र धीमाराम<br>9. चौथीदेवी पत्नी सुखराम<br>10. दिनेश पुत्र सुखराम<br>11. नरेश पुत्र सुखराम<br>12. पुनमा पुत्र रायचन्द<br>13. पांचा पुत्र रायचन्द<br>14. मंगला पुत्र रायचन्द<br>15. प्रमेश्वरी पत्नी करनाराम जाति विश्नोई, निवासी गोरखधाम, तहसील सेड़वा, जिला बाड़मेर। | | 1. तहसीलदार सेड़वा। |

**उपस्थित :प्रार्थी वकील –श्री मांगीलाल जयपाल**

**–: निर्णय :–**

दिनांकः– 23.03.2026

प्रार्थी भीयाराम पुत्र धीमाराम वगैरा जाति विश्नोई निवासी गोरखधाम तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर प्रार्थीगण का खोतदारी खेत ग्राम गोरखधाम, पटवार हल्का शोभाला दर्शान, भू.अभि.क्षेत्र सोनड़ी, तहसील सेड़वा, जिला बाड़मेर के मुल खसरा नम्बर 325 रकबा 14.2287 हैक्टेयर, किस्म बारानी सोयम का आया हुआ है, उक्त मुल खसरे में से प्रार्थीगण द्वारा सहमति से रास्ते के लिए राजस्थान सरकार के पक्ष में खसरा संख्या 1394/325 रकबा 0.0647 हैक्टेयर किस्म गै.मु.रास्ता भूमि का समर्पण किया गया था, उक्त मूल खसरे का विभाजन होकर अलग से रास्ते के लिए नवीन खतरा सर्जित किया है। मूल खसरा संख्या 325 में से प्रार्थीगण द्वारा रास्ते के लिए राजस्थान सरकार के पक्ष में सहमति से खसरा संख्या 1394/325 रकबा 0.0647 हैक्टेयर किस्म गै.मु.रास्ता भूमि का समर्पण किया गया था कि प्रार्थीगण बुजुर्ग व अनपढ व्यक्ति है जिन्होंने उक्त मुल खसरे में से रास्ते के लिए भूमि का समर्पण करने के लिए हल्का पटवारी को परिशिष्ट 'अ' के अनुसार समर्पण प्रस्ताव तैयार करने के लिए हल्का पटवारी को कहा

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.03.24 20:45:56 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

उपखण्ड अधिकारी
(SDO) सेड़वा

(1)

हल्का पटवारी राजकार्य में व्यस्त होने से प्रार्थीगण कहे अनुसार सम्पूर्ण प्रस्ताव को तैयार नहीं उसके विपरीत भिन्न स्थिति का रास्ते के लिए उक्त खसरे में से समर्पण प्रस्ताव का नक्शा तैयार प्रार्थीगण का हस्ताक्षर करवाकर हल्का पटवारी द्वारा श्रीमान तहसीलदार सेड़वा के समक्ष उक्त खसरे में से रास्ते के लिए भूमि का समर्पण प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया गया, जो समर्पण प्रस्ताव मौके पर चल रहे रास्ते व प्रस्तावित नक्शे से भिन्न समर्पण श्रीमान तहसीलदार सेड़वा के समक्ष प्रस्तुत कर तरमीम की गई। उक्त भूमि का समर्पण प्रस्ताव के वक्त मौके पर कब्जेकाश्त, ढाणी से व मौके पर चल रहे रास्ते से भिन्न हल्का पटवारी व भू–निरीक्षण द्वारा नक्शे में लिपिकीय भूल से गलत समर्पण एवं तरमीम कर दी प्रार्थीगण के कब्जे की ढाणी से भिन्न व मौके पर चल रास्ते से भिन्न गलत तरमीम की है। तथा हल्का पटवारी द्वारा समर्पण प्रस्ताव प्रार्थीगण द्वारा कहे अनुसार नहीं बनाकर समर्पण प्रस्ताव तैयार करके प्रार्थीगण के हस्ताक्षर करवाकर श्रीमान तहसीलदार सेड़वा के समक्ष समर्पण प्रस्ताव प्रस्तुत कर उक्त भूमि को राजस्थान सरकार के पक्ष में समर्पण कर उक्त रास्ते की तरमीम कर दी, तथा नक्शे में की गई तरमीम मौके से भिन्न स्थिति की गई है, जिससे बिना विधिक प्रक्रिया अपनाये की गई तरमीम कब्जे, बंटवाड़े व मौके पर चल रहे रास्ते से विपरित किया होने से मौके पर स्थित, कब्जा, ढाणी, माठ व मौके पर चल रहे रास्ते अनुसार तरमीम की जाकर नक्शा दुरूस्ती करवाने का प्रार्थीगण हकदार होने से नक्शा दुरस्त का प्रार्थना पत्र पेश है। उक्त खसरे में से रास्ते के लिए भूमि का समर्पण प्रस्ताव प्रार्थीगण के कहे अनुसार हल्का पटवारी द्वारा नहीं बनाकर उसके विपरीत व भिन्न स्थिति का समर्पण प्रस्ताव तैयार करके श्रीमान तहसीलदार सेड़वा के समक्ष उक्त समर्पण प्रस्ताव प्रस्तुत कर उक्त रास्ते की भूमि का अलग खसरा नम्बर 1394/325 रकबा 0.0647 हैक्टेयर, सर्जित किया है जो लिपीकीय त्रुटि से किया गया है जिससे उक्त लिपीकीय भूल को दुरूस्त करवाने का प्रार्थीगण कानूनी हकदार होने से यह प्रार्थना पत्र पेश है। प्रार्थीगण के नक्श मे तरमीम गलत अंकन होने से प्रार्थीगण को कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा हैं जैसे अपने खेत की नेखमबंदी करवाने के लिए कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे प्रार्थीगण मौके पर कब्जेकाश्त, ढाणी, माठ व मौके पर चल रहे रास्ते अनुसार रेकर्ड दुरूस्ती करवाने के विधि सम्मत अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र पेश है। प्रार्थीगण के खातेदारी खेत ग्राम गोरखधाम, पटवार हल्का शोभाला दर्शान, भू.अनि.क्षेत्र सोनड़ी तहसील सेड़वा, जिला बाड़मेर के मूल खसरा संख्या 325 रकबा 14.2287 हैक्टेयर, किस्म बारानी सोयम का आया हुआ है। उक्त मूल खसरे में से प्रार्थीगण द्वारा सहमति से रास्ते के लिए राजस्थान सरकार के पक्ष में खसरा संख्या 1394/325 रकबा 0.0647 हैक्टेयर, किस्म गै.मु.रास्ता सर्जित किया गया है जिसका नक्शा लिपिकीय त्रुटि से, मौके पर चल रहे रास्ते से भिन्न नक्शा सर्जित किया गया जिसको मौके पर स्थित प्रार्थीगण का कब्जा व मौके

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.03.24 20:46:56 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

उपखण्ड अधिकारी
(SDO) सेड़वा

...ों की ढाणी, रास्ता अनुसार तरमीम की जाकर नक्शा परिशिष्ट 'अ' के अनुसार नक्शे को ...करने का व मौके पर चल रहे रास्ते अनुसार राजस्व रेकर्ड में नक्शा अंकन करने का आदेश ...लदार सेड़वा के नाम जारी फरमावे।

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थी को नोटिस तलब किए। विप्रार्थी के नोटिस तामिलशुदा प्राप्त हुए जिससे शामिल पत्रावली किया जाता है। विप्रार्थी के नोटिस तामिलशुदा प्राप्त होने के बावजुद भी कोई उपस्थित नहीं इसलिए एकतरफा कार्रवाई अमल में लाई जाती है। हस्तगत प्रकरण में तहसीलदार सेड़वा से न्यायालय के आदेश क्रमांक कोर्ट/2026/53 दिनांक 21.01.2026 द्वारा तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन के लिए लिखा गया। कार्यालय तहसीलदार सेड़वा के पत्रांकः भू.अ./2026/33 दिनांक 06.02.2026 द्वारा न्यायालय को तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसे शामिल पत्रावली किया गया। मुताबिक तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन **पटवार मण्डल शौभाला दर्शन के"राजस्वग्राम गोरखधाम के खसरा संख्या 1394/325 रकबा 0.0647 हैक्टैयर, किस्म बा0सोयम समर्पण भूमि (राज.सरकार) की तरमीम दुरूस्ती की मौका रिपोर्ट तैयार करने हेतु हल्का पटवारी शौभाला दर्शन के साथ मौके पर आये। मौके पर उपस्थित राज. सरकार के पक्ष में समर्पित करने वाले सहखातेदार व मौतबारानों के रूबरू जांच करने पर पाया गया कि ग्राम गोरखधाम के खसरा संख्या 1394/325 रकबा 0.0647 हैक्टेयर, किस्म बा0सोयम राज.सरकार के पक्ष में समर्पित भूमि रास्ते के रूप में काम ली जा रही है। परन्तु समर्पण करवाते वक्त अज्ञानता वंश गलत स्थान पर चिन्हित करवा दिया गया जो परिशिष्ट 'अ' अनुसार दर्शाया दिया, मौका एवं रेकर्ड जांच करने पर पाया गया की उक्त समर्पण (राज सरकार) भूमि रास्ते के रूप में उपयोग में ली जा रही हैं। जो परिशिष्ट 'ब' के अनुसार है। परिशिष्ट 'ब' अनुसार राज. सरकार के पक्ष में समर्पित करवाने वाले सहखातेदारो ने सहमति जाहिर की जो नक्शा निम्नानुसार है। उक्त अनुसार ग्राम गोरखधाम खसरा संख्या 1394/325 रकबा 0.0647 हैक्टेयर तरमीम दुरूस्ती किया जाना उचित है। मौका फर्द मौके पर बनाई जाकर उपस्थित के हस्ताक्षर/अ.नि. अंकित करवाए गए।"**

प्रार्थीगण अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों तथा सक्षम दस्तावेजी साक्ष्यों पर प्रार्थीगण अधिवक्ता ने बहस की। प्रार्थीगण अधिवक्ता ने बहस में तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त मौका रिपोर्ट को स्वीकार किया है। प्रार्थीगण अधिवक्ता की बहस पर न्यायालय द्वारा [illegible] मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों तथा सक्षम दस्तावेजी साक्ष्यों पर न्यायालय द्वारा यथायुक्त चिन्तन, मनन तथा विचारण उपरांत, प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र 25/2026 उनवान भैयाराम बनाम तहसीलदार सेड़वा अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियमय, 1956 के तहत स्वीकार योग्य प्रतीत होता है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.03.24 20:45:56 IST
Reason: SelfAttested

(3)

उपखण्ड अधिकारी
(SDO) सेड़वा

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

...हसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन अनुसार तहसील सेड़वा के खेत मौजा ...टवार हल्का शौभाला दर्शान भू.अभिलेख नि. क्षेत्र सोनड़ी तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर के खेत ...ख्या 1394/325 रकबा 0.0647 हैक्टेयर की भूमि में उनवान भीयाराम बनाम तहसीलदार सेड़वा ... विश्नोई साकिन गोरखधाम में तरमीम दुरुस्त किया जाना उचित है। न्यायालय द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्यों, तथ्यों तथा तहसीलदार सेड़वा के तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन पर युक्तियुक्त विचारण के उपरांत जांच प्रतिवेदन में **राजस्व रिकॉर्ड में परिशिष्ट 'ब' अनुसार तरमीम दुरुस्त करने का आदेश दिया जाता हैं। तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन(पत्रांकः भू.अ./2026/33 दिनांक 06.02.2026 के संलग्न मौका जांच प्रतिवेदन दिनांक 11.02.2026, खसरा नक्शा व जमाबंदी अभिलेख आदि) निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा। तहसीलदार सेड़वा को आदेशित किया जाता है कि वह तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमलदरामद करें। तहरीर जारी हो। पत्रावली संख्या से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।**

निर्णय आज दिनांक 23.03.2026 को खुले इजलास में सुनाया गया।

(4)

23.03.2026

(बद्रीनारायण आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
सेड़वा

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा
सत्यमेव जयते

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.03.24 20:45:56 IST
Reason: SelfAttested

राजस्थान सरकार

# कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) सेडवा बाडमेर

क्रमांक / भू.अ. / 2026 / 33 दिनांकः— 06.02.2026

प्रेषितः—

श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय
सेड़वा (जिला— बाड़मेर)

विषयः— राजस्व वाद संख्या 25 / 2026 अनवान भीयाराम वगैरह बनाम तहसीलदार सेडवा अन्तर्गत RLR धारा 131,136 में तरमीम दुरस्ती रिपोर्ट भेजने वावत।

महोदय जी,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि आप द्वारा राजस्व वाद संख्या 25 / 2026 अनवान भीयाराम वगैरह बनाम तहसीलदार सेडवा में मौजा गोरखधाम के खसरा 1394 / 325 की अन्तर्गत धारा 131, 136 RLR ACT में तरमीम दुरस्ती हेतु तथ्यात्मक रिपोर्ट आप द्वारा चाही थी। जिसकी भू.अ. निरीक्षक सोनडी द्वारा दिनांक 11.02.2026 को मौका जांचकर वादी प्रतिवादी व पड़ोसियों मौतबरानों सहखातेदारों के रूबरू जांच रिपोर्ट तैयार पेश गई । जो इस पत्र के सलंग्न आवश्यक कार्यवाही हेतु भिजवाई जा रही है।

सलंगनः— उपरोक्तानुसार

भवदीय

तहसीलदार (भू.अ.) सेड़वा

तहसीलदार (भू-अ.) सेड़वा

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.03.24 20:45:56 IST
Reason: SelfAttested


# मौका-फर्द

प्रथम कार्ड


आज दिनांक 11/02/2026 ~~को श्रीमान तहसीलदार साहब~~ उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा के आदेश/क्रमांक/277-278 दिनांक 27/01/2026 एवं माननीय न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी सेड़वा के राजस्व आवेदन सं. 25/2026 उनवान मीयाराम वगैरा बनाम तहसीलदार सेड़वा अन्तर्गत धारा 131, 136 RLR Act में ग्राम गोरखधाम के खसरा नम्बर 1394/325 रकबा 0.0647 हैक्टर किस्म बा.सोयम समर्पण भूमि (राज.सरकार) की तरमीम दुरूस्ती की मौका रिपोर्ट तैयार करने हेतु हल्का पटवारी श्री भालादर्शन के साथ मौके पर आये।

मौके पर उपस्थित राज. सरकार के पक्ष मे समर्पित करने वाले सहखातेदार व मौतबारानों के रूबरू जांच करने पर पाया गया कि ग्राम गोरखधाम के खसरा नं. 1394/325 रकबा 0.0647 किस्म बा.सोयम राज. सरकार के पक्ष में समर्पित भूमि रास्ते के रूप में काम ली जा रही है। परन्तु समर्पण करवाते वक्त अज्ञानता वंश गलत स्थान पर चिन्हित करवा दिया गया जो परिशिष्ट 'अ' अनुसार दर्शाया दिया, मौका एवं रेकर्ड जांच करने पर पाया गया की उक्त समर्पण (राज. सरकार) भूमि रास्ते के रूप मे उपयोग मे ली जा रही है। जो परिशिष्ट 'ब' के अनुसार है। परिशिष्ट 'ब' अनुसार राज. सरकार के पक्ष में समर्पित करवाने वाले सहखातेदारो मे सहमति जाहिर की जो नक्शा निम्नानुसार है:-

परिशिष्ट 'अ'




परिशिष्ट 'ब'




उक्त अनुसार ग्राम गोरखधाम खसरा नं. 1394/325 रकबा 0.0647 तरमीम दुरूस्ती किया जाना उचित है। मौका फर्द मौके पर जाकर उपस्थित के हस्ताक्षर/अंगुठे नि. करवाये गये।

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.03.24 20:45:56 IST
Reason: SelfAttested

तहसीलदार (भू.अ.) सेड़वा


27/01/2026
पटवारी (भू.अ.) भालादर्शन
तहसील सेड़वा

मीयाराम दिनेश
बुधराम नरेश
जगमाल करनाराम
चौथी
मादे
सोमड़ी
पूनमाराम

खसरा नक्शा एवं जमाबंदी(प्रतिलिपि) दिनांक : 24/02/2026 05:23:25 PM

जिला : बाड़मेर तहसील : सेड़वा भू. अ. नि. क्षेत्र : सोनड़ी

हल्का : शोभाला दर्शान ग्राम : गोरखधाम




खसरा संख्या :1394/325 क्षेत्रफल : 0.0647 Hectare खाता संख्या : 1पुराना खाता संख्या : 1

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: बा.सोयुम [ 0.0647 ]

राज. सरकार

**प्रमाणित प्रतिलिपि**

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर

पटवारी ( भू.अ. ) शोभाला दर्शान

तहसील सेड़वा

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।

२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।

३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय में सम्पर्क करें।

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2026.03.24 20:45:56 IST
Reason: SelfAttested